दिन–मंगलवार दिनांक– 11 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. बिहार पुलिस में सिपाही के उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस पदों पर नियुक्ति होगी। छह हजार सत्रह पद महिलाओं के लिए होंगे आरक्षित।

02. जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा – राज्य के विभिन्न जिलों में सिंचाई और बाढ़ सुरक्षा से संबंधित अड़तालीस विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाएगा।

03. राज्य सरकार अब बालू की ऑनलाइन बिक्री करेगी। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – इसके लिए बालू मित्र पोर्टल की शुरूआत की जायेगी।

04. और, राज्य सरकार ने बर्ड फ्लू के बढ़ते मामले को देखते हुए मध्याह्न भोजन योजना में बच्चों को अंडा देने पर रोक लगाने का फैसला किया।

---

बिहार पुलिस में सिपाही के उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस पदों पर नियुक्ति होगी। केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसमें छह हजार सत्रह पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। आवेदन की प्रक्रिया अठारह मार्च से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि अठारह अप्रैल निर्धारित है। विज्ञापन केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

---

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों में सिंचाई और बाढ़ सुरक्षा से संबंधित अड़तालीस विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाएगा। आज विधानसभा में विभागीय बजट पर चर्चा के बाद श्री चौधरी ने कहा कि तिरेपन लाख हेक्टेयर में से अड़तीस लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता सृजित की जा चुकी है। अब केवल पंद्रह लाख हेक्टेयर क्षेत्र के लिए सिंचाई क्षमता सृजित करने की जरूरत है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट में पश्चिमी कोसी नहर परियोजना के लिए ग्यारह हजार पांच सौ करोड़ रुपये की सहायता मिली है। इससे मिथिला में पचास हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर खेती करने वाले बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा।

–––बाइट–––

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि नेपाल में हाई डैम बनाने के बाद ही बिहार को बाढ़ के संकट से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जल–जीवन हरियाली मिशन के प्रभावी कार्यान्वयन से राज्य के भूमिगत जल स्तर में सुधार हुआ है। वर्ष दो हजार तेईस में अत्यधिक भू–जल दोहन वाला क्षेत्र आठ सौ सड़सठ वर्ग किलोमीटर था, जो अब घटकर चार सौ इकतीस वर्ग किलोमीटर रह गया है।

---

उप मुख्यमंत्री सह खान और भूतत्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बालू की कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ऑनलाइन बालू की बिक्री करेगी। विधानसभा में एक प्रश्न के उत्तर में श्री सिन्हा ने कहा कि इसके लिए बालू मित्र पोर्टल की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने कहा कि बालू की बिक्री के लिए सरकारी डिपो भी खोला जाएगा।

–––बाइट–––

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सरकार आपराधिक घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई करती है। आज विधान परिषद में श्री कुमार ने कहा कि वे स्वयं आपराधिक घटनाओं का संज्ञान लेते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाये जाते हैं, उनपर विधिसम्मत कार्रवाई होती है।

–––बाइट–––

---

राज्य सरकार ने कहा है कि प्रदेश में अलग अलग नियमों के तहत गठित भाषाई अकादमियों का एकीकरण किया जायेगा। विधान सभा में एक प्रश्न के उत्तर में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि मैथिली, मगही, भोजपुरी और बांग्ला भाषा अकादमियों की स्थिति अच्छी नहीं है। शिक्षामंत्री ने कहा कि इन अकादमियों में रिक्त पदों पर बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से नियुक्ति की जाएगी।

–––बाइट–––

---

राज्य सरकार ने कहा है कि राज्यकर्मियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने पर काम चल रहा है। विधान परिषद में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा

कि वित्त और स्वास्थ्य विभाग ने इस पर चर्चा की है और जल्द ही इसे लागू किया जाएगा।

---बाइट---

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रदेश के सभी जिलों में सावित्री बाई फूले के नाम पर हॉस्टल का निर्माण करवाया जाएगा। विधान परिषद में श्री चौधरी ने बताया कि इसके निर्माण पर दो सौ तेईस करोड़ रूपये की लागत आयेगी। उन्होंने बताया कि इन हॉस्टल के निर्माण में केंद्र सरकार की ओर से भी मदद मिल रही है।

---

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा के अनुरूप मिथिला में माता सीता के भव्य मंदिर का निर्माण होगा। आज नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में श्री राय ने कहा कि गृह मंत्री की इस घोषणा से क्षेत्र के लोगों की पुरानी मांग पूरी होगी।

---बाइट---

---

राज्य सरकार ने बर्ड फ्लू के बढ़ते मामले को देखते हुए मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों को अंडा देने पर रोक लगाने का फैसला किया है। मध्याह्न भोजन योजना की निदेशक साहिला ने बताया कि अगले आदेश तक प्रत्येक शुक्रवार को अंडा की जगह बच्चों को मौसमी फल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आदेश जारी कर दिया गया है।

---

केंद्र सरकार अगले तीन साल में देश के हर जिले में डे केयर कैंसर सेंटर खोलेगी। आज राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि दो हजार पच्चीस–छब्बीस में दो सौ डे केयर कैंसर सेंटर खोले जाएंगे। हाल ही में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत–पीएम जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन से कैंसर रोगियों का स्क्रीनिंग के तीस दिनों के भीतर उपचार शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य

मिशन के अंतर्गत किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए काम कर रही है।

———बाइट———

इस नेशनल हेल्थ मिशन के तहत हेल्थ को हम अफोर्डेबल, एक्सेसेबल और उसके साथ—साथ इक्विटेबल बनाने के लिए हम क्वालिटी हेल्थ केयर देने का प्रयास एन एच एम के माध्यम से कर रहे हैं और उसमें हम बहुत तरीके के सपोर्ट कर रहे हैं। टेक्निकल सपोर्ट भी कर रहे हैं, मैनपावर सपोर्ट भी कर रहे हैं, फाइनेंशियल सपोर्ट भी कर रहे हैं।

---

निगरानी जांच ब्यूरो ने पश्चिम चंपारण जिले के भैरोगंज थाना में तैनात सब—इंस्पेक्टर ओमप्रकाश गुप्ता को दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पुलिस अधिकारी शिकायतकर्ता से एक केस से नाम हटाने के लिए घूस ले रहा था।

---

नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने राजद नेता तेज प्रताप यादव और उनकी बहन हेमा यादव को जमानत दे दी है। इसके अलावा कई अन्य आरोपियों को भी इस मामले में जमानत मिली है। इन सभी को पचास—पचास हजार रूपये के निजी मुचलके पर जमानत दी गयी।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने होली पर्व को देखते हुए सभी जिलों को विशेष सतकर्ता बरतने के निर्देश दिये हैं। पुलिस अधीक्षकों से संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने को कहा गया है। साथ ही शराब पीने और बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट किया गया है।

---

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, मनरेगा के क्रियान्वयन में नवादा जिले को राज्य में पहला स्थान मिला है। जनवरी महीने की रैंकिंग के अनुसार बांका जिला दूसरे और सीवान तीसरे स्थान पर रहा। इस सूची में शिवहर जिला सबसे निचले पायदान पर है।

---

पुरवा हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान तैंतीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ गोपालगंज राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाइट———

---

मधेपुरा जिले के उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के झलारी गांव के पास एक पिकअप वैन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। तीनों एक ही परिवार के थे।

---

पटना के बिहटा से पुलिस ने पचास लाख रूपये मूल्य की स्मैक जब्त की है। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

---

खगड़िया जिले के पचास हजार रूपये के इनामी अपराधी प्रिंस कुमार को पुलिस और एसटीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया है। इधर, जिले के मानसी थाना क्षेत्र से पुलिस ने तीन अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

समस्तीपुर व्यवहार न्यायालय में वादकारियों और अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए आज तीन निशुल्क ई–सेवा केंद्र की शुरूआत की गयी। इन केंद्रों के माध्यम से लोगों को वाद की स्थिति और सुनवाई की तारीख समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां मिलेंगी।

---

ग्राम रक्षा दल सह–पुलिस मित्र ने आज स्थाई नौकरी की मांग को लेकर पटना में प्रदर्शन किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. बिहार पुलिस में सिपाही के उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस पदों पर नियुक्ति होगी। छह हजार सत्रह पद महिलाओं के लिए होंगे आरक्षित।

02. जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा – राज्य के विभिन्न जिलों में सिंचाई और बाढ़ सुरक्षा से संबंधित अड़तालीस विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाएगा।

03. राज्य सरकार अब बालू की ऑनलाइन बिक्री करेगी। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – इसके लिए बालू मित्र पोर्टल की शुरूआत की जायेगी।

04. और, राज्य सरकार ने बर्ड फ्लू के बढ़ते मामले को देखते हुए मध्याह्न भोजन योजना में बच्चों को अंडा देने पर रोक लगाने का फैसला किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।